हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 नवंबर 2025

12 खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन अब राज्य स्तर पर दिखाएंगे...



12 भक्ति से सरोबार श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



## खबर संक्षेप

### हत्या का प्रयास व नशा तस्करी में तीन काबू

**सिरसा।** ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान के तहत सिरसा पुलिस ने हत्या प्रयास, अवैध हथियार व मादक पदार्थ अधिनियम के दर्ज मामलों में वांछित तीन आरोपियों को काबू किया है।सिरसा पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि शहर थाना पुलिस सिरसा की जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी की एक टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हत्या का प्रयास व नशा तस्करी के मामलों में घटना के समय से वांछित चल रहे आरोपी अंग्रेज सिंह निवासी रानियां चुंगी बाजीगर बस्ती सिरसा को काबू कर लिया है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने अपराधियों कके खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप पुत्र मनीराम निवासी ठरवी के रूप में हुई है। अपराध शाखा टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की।

### कचरा डोडा पोस्त तस्करी मामले में चौथा काबू

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने कचरा डोडा पोस्त के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी बबनपुर ढाणी, थाना सदर रतिया के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर दो बाइक सवार युवकों को चेक किया था। तलाशी लेने पर उनके पास से 4 किलो 560 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद किया गया।

### अवैध कब्जा करने वाले नामजद आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गैरकानूनी तरीके से संपत्ति पर कब्जा करने के मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील पुत्र शिवदयाल निवासी बिघड़ के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता राजेश कुमार, लीगल मैनेजर, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिसार, ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नामजद व्यक्तियों ने सुरक्षित एवं गिरवी संपत्ति पर अवैध रूप से प्रवेश कर कब्जा कर लिया है।

### हमला करने के मामले में कुख्यात आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत रतिया पुलिस ने संगठित अपराध में शामिल एक कुख्यात आरोपी को काबू किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा 21वें आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कृष्ण उर्फ गजनी निवासी मुस्साखेड़ा, थाना जाखल, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### अवैध शराब बेचने वाले मुख्य आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** दुकान में अवैध शराब बेचने के मामले में टोहाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलशन पुत्र रमेश निवासी किला मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सरदार ढाबा में अवैध शराब बेची जाती है। इस सूचना पर पुलिस ने सरदार ढाबा पर रेड की गई थी। चेकिंग के दौरान कंवरलाल निवासी घनोटा, थाना मुनक, जिला संगरूर, पंजाब के पास से 5 बोतल देशी शराब मार्का माल्टा तथा 4 लीटर नाजायज देशी शराब बरामद हुई थी।

## डंपिंग स्टेशन की अव्यवस्था से 20 हजार की आबादी परेशान

# बीघड़ रोड डंपिंग स्टेशन बना संकट, कचरे के पहाड़ों से खेतों के बंजर होने का खतरा

- मेडिकल वेस्ट सहित खतरनाक कचरा खुले में फेंका जा रहा, एनजीटी नियमों की अनदेखी
- कचरा प्रबंधन प्लांट का प्रस्ताव अधर में, नगर परिषद की लापरवाही उजागर
- एसडीएम व प्रदूषण बोर्ड ने किया निरीक्षण, नगर परिषद पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बीघड रोड़ के पास बने नगर परिषद के डंपिंग स्टेशन पर कचरे के पहाड़ लग गए हैं। डंपिंग स्टेशन का कचरा खेतों में बिखरने लगा है। खेतों में उगी फसल में जहर घुल रहा है। डंपिंग स्टेशन के आसपास करीब 30 से 35 एकड़ खेती की जमीन के उपजाऊपन पर बंजर होने का खतरा मंडराने लगा है। डंपिंग स्टेशन से आसपास के कई गांवों के करीब 20 हजार आबादी परेशान हैं। डंपिंग स्टेशन पर पड़े कचरे जैसे पॉलीथिन, कागज, कपड़े, अस्पतालों का मेडिकल वेस्ट, प्लास्टिक से बना वेस्ट सामान, डिस्पोजल, कांच के वेस्ट सामान आदि नजदीकी खेतों में जा रहे हैं। खेतों की नालियों व फसलों में कचरा जमा होने लगा है। बरसात होने पर डंपिंग स्टेशन के कचरे से निकलने वाला जहरीला पानी भी खेत की जमीन में मिलता है, जिसके कारण खेतों की जमीन व फसल खराब होने लगी है। डंपिंग स्टेशन के कचरे के कारण इस एरिया में मच्छर व मक्खियों की भरमार हो गई है। बीमारी फैलने का खतरा पैदा हो गया।



डम्पिंग स्टेशन पर लगे कचरे के पहाड़



### 4 एकड़ में डम्पिंग स्टेशन बनाया गया

नगरपरिषद द्वारा बीघड़ रोड पर हनुमान मंदिर के पीछे 4 एकड़ में डम्पिंग स्टेशन बनाया गया है। इस डम्पिंग स्टेशन में प्रतिदिन शहर से 30 से 40 टन कचरा वहां डाला जाता है। अब हालात यह है कि वहां कचरे के बड़े ढेर लगे हैं और कचरा डालने के लिए जगह नहीं बची। कचरा दीवारों से बाहर गिर रहा है। इतना ही नहीं, चारों तरफ बदबू का माहौल है। आसपास की ढाणियों के लोग बदतर-सा जीवन जी रहे हैं। हालांकि इस डम्पिंग स्टेशन में कूड़े के लिए जगह नहीं बची, ऐसे में दूसरी जगह भी कचरा फैंका जा रहा है। डंपिंग स्टेशन के खिलाफ आसपास के सात गांव की पंचायत ने मिलकर फतेहाबाद एसडीएम से लेकर पर्यावरण प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, एनजीटी, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति तक चि_ी लिखी है। इस मामले की जांच के लिए उपायुक्त ने कमेटी का गठन किया हुआ है। जांच के लिए एसडीएम राजेश कुमार ने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों को साथ लेकर डंपिंग स्टेशन का मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम वहां की हालात देख हैरान रह गए। समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आदेश दिए। इस दौरान प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने परिषद पर जुर्माना भी लगाया है।




**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड स्थित डम्पिंग स्टेशन।

### एनजीटी के नियमों को ताक पर रख रहा नप

डंपिंग स्टेशन पर नगर परिषद की ओर से कचरा डालने में नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) के नियमों की धड़ल्ले से धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नगर परिषद के अधिकारियों को जानकारी होते हुए भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। डंपिंग स्टेशन पर अस्पतालों का मेडिकल वेस्ट कचरा डाला जा रहा है।

### चार दीवारी व रास्ता तक नहीं बना सके

वर्ष 2014 में भाजपा सरकार बनते ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने फतेहाबाद में भूना में 30 एकड़ में कचरा प्रबंधन प्लांट लगाने की घोषणा की थी। इसके लिए बकायदा भूमि का भी अधिग्रहण कर लिया गया। बाद में इस प्लांट के लिए कोई भी ठेकेदार आगे नहीं आया। नगरपरिषद के ढीले रवैये के चलते दो वर्ष पूर्व सरकार ने प्रस्तावित इस कचरा प्रबंधन प्लांट को हांसी शिफ्ट कर दिया। तब से कचरा निस्तारण की योजना भी धरी की धरी रह गई है।

### मौका का निरीक्षण किया : एसडीएम

नप के इस डंपिंग स्टेशन के खिलाफ लोगों ने शिकायत कर रखी है। जांच के लिए उपायुक्त के आदेश पर जांच कमेटी बनी हुई है। इसकी जांच के लिए मैंने खुद प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों के साथ मिलकर मौका निरीक्षण किया था। कचरे का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने नगर परिषद को जुर्माना भी लगाया है।

-

-राजेश कुमार, एसडीएम, फतेहाबाद।

## रास्ता होगा सुगम, 5 घंटे में चंडीगढ़ पहुंचेगी बस, 62 करोड़ की राशि मंजूर

# फतेहाबाद-रतिया के बाद अब रतिया-टोहाना बनेगा स्टेट हाईवे



**फतेहाबाद।** रतिया के संजय गांधी चौक पर लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद से रतिया व रतिया से टोहाना जाने वाली सड़क को अब 7 मीटर से चौड़ा करके 10 मीटर किया जाएगा। इसके बाद इसका पहचान स्टेट हाइवे पर तौर पर जानी जाएगी। यह रास्ता टोहाना होकर सीधा चण्डीगढ़ पहुंचेगा। दरअसल, इस मार्ग पर वाहनों की बढ़ती संख्या को चलते पूरा दिन जाम लगा रहता है। जिस कारण फतेहाबाद से चण्डीगढ़ वाया जाखल व टोहाना जाने वाले लोगों को रोडवेज बस में 6 घंटे से ज्यादा का समय लग रहा है। सरकार फतेहाबाद से रतिया तक स्टेट हाइवे का निर्माण करवा चुकी है। स्टेट हाइवे के लिए एक शर्त होती है कि यहां पर 300 से अधिक गाडियों का आवागमन प्रतिदिन होना जरूरी है। तब फतेहाबाद से रतिया तो यह शर्त पूरी होती थी लेकिन रतिया से टोहाना व भूना से उकलाना शर्तें पूरी नहीं हो रही थी। इसी मांग 10 साल पहले विधानसभा में भी उठाई जा चुकी है। अब रतिया-टोहाना मार्ग पर चलने वाले वाहनों की संख्या प्रतिदिन 300 से अधिक है।

### दुर्घटनाओं की आशंका हो जाएगी कम

लोक निर्माण विभाग यह सड़क निर्माण कार्य रतिया के संजय गांधी चौक से टोहाना बाईपास तक करेगा। यह मार्ग फतेहाबाद को पंजाब व हरियाणा के कई शहरों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता है, खासकर चंडीगढ़ जाने वालों के लिए यह प्रमुख मार्ग है। आए दिन हादसे और जाम आम बात थे। चौड़ीकरण के बाद यातायात का दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी घट जाएगी।

### वाहन चालकों को मिलेगी राहत

रतिया के संजय गांधी चौक से टोहाना के बाइपास तक सडक के नवीनीकरण और चौड़ीकरण का निर्माण कार्य करीब 62 करोड़ रुपये से किया जाएगा। इसका टेंडर लगा दिया गया है। टेंडर के खुलने के बाद वर्क ऑर्डर जारी कर काम शुरु करवा दिया जाएगा। सडक चौड़ी होने वाले वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी।

*-संदीप सचदेवा, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग फतेहाबाद।*

# पुरानी शिकायत पर नई एफआईआर, स्वर्णकार समाज में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

- सीआईए फतेहाबाद के पूर्व इंचार्ज सहित सात पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

सीआईए फतेहाबाद के पूर्व इंचार्ज समेत सात पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर लगातार कानूनी लड़ाई लड़ रहे नरेश सोनी के खिलाफ दो वर्ष पुरानी शिकायत के आधार पर एक और धोखाधड़ी व गैंबलिंग का मामला दर्ज होने के बाद स्वर्णकार समाज में रोष पनप गया है। रविवार को स्वर्णकार सभा के ब्लॉक प्रधान सहित प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई से मुलाकात कर एफआईआर पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पुरानी शिकायत को नए तरीके से गंभीर धाराओं में दर्ज किया जाना न्याय के विपरीत है।

### हाई कोर्ट में लगाई गुहार

थाना प्रभारी ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है और जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी। यदि मामला तथ्यहीन पाया गया तो मुकदमा रद्द कर दिया जाएगा। वहीं स्वर्णकार समाज ने चेतावनी दी कि यदि झूठे मामलों में फंसाकर नरेश सोनी को प्रताड़ित किया गया तो समाज चुप नहीं बैठेगा। उधर, नरेश सोनी ने इस एफआईआर को साजिश करार देते हुए हाई कोर्ट और मानव अधिकार आयोग को शिकायत भेजकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। सोनी का आरोप है कि 17 अप्रैल 2023 को सीआईए फतेहाबाद की एक टीम ने उन्हें आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी के झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश की थी। सोनी के अनुसार, घटना उनकी दुकान के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई थी। पुलिस ने डीवीआर तोड़ दी, लेकिन उन्होंने खर्च कर डाटा रिकवर करवाया और इसकी शिकायत एसपीसीए पंचकूला में की। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर एसपीसीए ने संबंधित डीएसपी को चेतावनी और इंस्पेक्टर सहित सात लोगों के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज करने की सिफारिश की थी।वही फतेहाबाद कोर्ट ने भी सीआईए द्वारा दर्ज मुकदमे को डिस्चार्ज कर दिया था, जिसके बाद सोनी ने हाई कोर्ट का रुख किया। उनकी याचिका पर आगामी 18 दिसंबर को सुनवाई प्रस्तावित है।

### दबाव बनाने की कोशिश

सोनी का कहना है कि एससी-एसटी एक्ट रिश्वत मामले में वॉइस रिकॉर्डिंग की रिपोर्ट आने और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की संभावना को देखते हुए उन्हें दोबारा झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जिस व्यक्ति ने नई शिकायत दर्ज करवाई है, उस पर पुलिसकर्मियों द्वारा दबाव बनाने की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट व मानव अधिकार आयोग को भेज दिया है।

# आग लगने से स्कूटी जलकर हुई राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कालांवाली में वाटर वर्कस के पास स्थित हाऊसिंग सोसायटी मास्टर कॉलोनी में रविवार सुबह एक खाली प्लॉट में खडी इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लगने से जलकर राख हो गई। वहीं आग पर समय पर काबू पा लिया अन्यथा बडा हादसा हो जाता। प्लॉट के मालिक गुरप्रीत सिंह गोगी ने बताया कि उसका मकान के साथ ही खाली प्लॉट है जहां वह स्कूटी व कार खड़ी करता है और अन्य सामान भी रखा हुआ है। उसने बताया कि रविवार सुबह प्लॉट में खडी इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई ओर देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धार कर लिया ओर स्कूटी के पास पड़े सोफा सैट को भी चपेट में ले लिया। उसने बताया कि आग लगने से स्कूटी में रखी बैटरियां आदि जलकर राख हो गई। आस पास के लोगों के सहयोग से बडी मुश्किल से आग पर काबू पाया। यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो प्लॉट में खड़ी कार को भी नुकसान हो सकता था। उसने बताया कि स्कूटी को चार्ज आदि भी नहीं किया जा रहा था, खडी स्कूटी में आग लग गई जोकि चिंता का विषय है।



**सिरसा।** आग लगने से राख हुई स्कूटी।

### बाइक सवार 13.78 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**चौपटा।** नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव दड़बा कलां क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 13 ग्राम 78 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि नाथूसरी चौपटा थाना की एक पुलिस टीम गांव दड़बा कलां की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव दड़बा में पंहुची तो सामने गली में से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र खिसकने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 13 ग्राम 78 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान नरेश कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी दड़बा कलां जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना नाथूसरी चौपटा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

# समारोह में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक समारोह उड़ान बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष समारोह का विषय उड़ान, सपनों को पंख देना था, जिसके अनुरूप विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की जोत प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि देविवि के वाइस चांसलर प्रोफेसर विजय कुमार थे। उनके साथ देविवि के रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार, सेठ सागरमल सुराणा जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मक्खनलाल गोयल, विद्यालय प्रबंधक हनुमानमल गुजरानी, ट्रस्टी राजेंद्र गोलछा, ट्रस्टी देवेंद्र डागा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु बाला भी थे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की मनोहारी नृत्य प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्या रेणु बाला ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी दी। मुख्यातिथि प्रोफेसर विजय कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और निरंतर परिश्रम जीवन में सफलता का मूलमंत्र हैं।



### रोडवेज कर्मचारी की भूख हड़ताल अब 20 को

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा मानी गई मांगों को लागू न करने व सरकार की वायदाखिलाफी के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों द्वारा 17 नवंबर को किए जाने वाले प्रदर्शन को सर्व कर्मचारी संघ के जिला सम्मेलन के मद्देनजर 20 नवंबर को कर दिया है। 20 नवंबर वीरवार को फतेहाबाद डिपो व टोहाना सब डिपो के कर्मचारी फतेहाबाद वर्कशॉप प्रांगण में भूख हड़ताल कर सरकार व अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी देते हुए हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान एवं फतेहाबाद डिपो प्रधान शिव कुमार श्योराण ने बताया कि रोडवेज कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा यूनियन के साथ बातचीत में अनेक मुद्दों पर सहमति जताई थी लेकिन मानी गई इन मांगों को अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिससे रोडवेज कर्मचारियों में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वायदाखिलाफी करते हुए कोरोना काल के दौरान किलोमीटर स्कीम की बसों का संचालन न होने पर भी उन्हें 50 करोड़ रुपए की सौगात दी जा रही है, जिसका रोडवेज कर्मचारी पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

**स्वच्छता** गांव की एंट्री पर टाउनशिप जैसा माहौल, हरियाली का अनोखा स्वागत

# जांडली कलां: स्वच्छता में शहरों को मात देने वाला गांव

दलबीर सिंह ▶▶| भूना

जिले के भूना भूना का गांव जांडली कलां आज अपने विकास, स्वच्छता और हरियाली की अनोखी पहचान के कारण शहरों को भी पीछे छोड़ रहा है। गांव में प्रवेश करते ही वातावरण ऐसा महसूस होता है जैसे किसी सुव्यवस्थित टाउनशिप में आ पहुंचे हों, चारों ओर हरियाली, साफ-सुथरी सडक़ें, आधुनिक सुविधाएं और लोगों में विकास के प्रति गजब का उत्साह। गांव की सीमा में कदम रखते ही हजारों की संख्या में लगाए गए पेड़-पौधे स्वागत करते हैं। पेड़ों पर पक्षियों की चहचाहट और हवा में घुली हरियाली की खुशबू वातावरण को और भी खुशनुमा बनाती है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीणों की जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर परिवार पेड़ लगाने और उनकी देखभाल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा मानता है। गांव से लगभग एक किलोमीटर पहले शुरू होने वाली सडक़ पर स्ट्रीट लाइटें और तिरंगा थीम वाली लाइटें शाम होते ही नजारा बदल देती हैं। यह व्यवस्था न सिर्फरोशनी बढ़ाती है बल्कि जांडली कलां की सुंदरता में चार चांद लगा देती है। गांव के मुख्य प्रवेश मार्ग पर बना सुंदर और सुव्यवस्थित पार्क लोगों के आकर्षण का केंद्र है। सुबह-शाम ग्रामीण यहां टहलने, व्यायाम करने और समय बिताने आते हैं। पार्क में विदेशी और दुर्लभ प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं, साथ ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के बैठने के लिए आकर्षक हट बनाए गए हैं। जांडली कलां का तालाब भी गांव की सुंदरता का एक अहम हिस्सा है। तालाब के बीचों-बीच स्थापित महादेव की विशाल प्रतिमा धार्मिक आस्था और शांति का प्रतीक बनी हुई है। तालाब के आसपास साफ-सफाई और रखरखाव की ऐसी व्यवस्था है कि यह किसी पर्यटन स्थल से कम नहीं लगता।



**भूना।** जांडली कलां गांव में स्वच्छता और हरियाली की अनोखी पहचान बना पार्क।

### गांव का विकास बना मिसाल

गांव में करोड़ों रुपये की लागत से बना कम्युनिटी सेंटर ग्रामीणों के कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र है। यहां शादी-ब्याह से लेकर मीटिंग और सांस्कृतिक आयोजनों तक हर सुविधा उपलब्ध है। शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले में भी जांडली कलां किसी कस्बे से कम नहीं है। गांव में लडक़ों और लड़कियों के लिए तीन अलग-अलग स्कूल हैं और स्वास्थ्य सेवाएं भी सुचारू रूप से संचालित हैं। गांव की सभी सड़कें और गलियां इंटरलॉक टाइल्स से बनी हुई हैं, जिससे साफ-सफाई और आवागमन दोनों सुगम हो गया है। सरपंच शीला भैरो और सरपंच प्रतिनिधि विजय कमांडो के नेतृत्व में किए जा रहे विकास कार्य आज पूरे क्षेत्र में मिसाल बने हुए हैं। ग्रामीणों की सहभागिता इस विकास यात्रा की सबसे बड़ी ताकत है। लोग मिलजुल कर गांव को और बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं। चाहे वह पेड़-पौधे लगाने का अभियान हो या स्वच्छता को लेकर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जांडली कलां इस बात का शानदार उदाहरण है कि जब गांव के लोग एकजुट होकर सामूहिक भावना से काम करते हैं, तो विकास की तस्वीर पूरी तरह बदल जाती है। सुंदरता और स्वच्छता में स्वर्गीय सुरेश भैंरों का विशेष योगदान रहा है। इसके अतिरिक्त ईश्वर सिंह भैरो, सुनील जागलान, पूर्वसरपंच भलेराम,बिसाऊ राम शीशपाल सिह, रामपाल भैंरों, रमेश कुमार, मास्टर सुनील कुमार, जगदीश जागलान, कर्ण श्योकंद, जग्गा कुलडिय़ा समेत कई लोग सक्रिय रहे है।

### मनोज अटवाल बने चौथी बार जिला प्रधान


**सिरसा।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आदेशानुसार सिरसा नगर परिषद में जिला चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में जिले की पांचों इकाइयों के प्रधान, कैशियर व सचिव उपस्थित रहे। चुनाव राज्य उपप्रधान रमेश तुसामढ़, राज्य ऑडिटर सुखदेव सिंह और सर्व कर्मचारी संघ सिरसा के ब्लॉक वरिष्ठ प्रधान बलवंत सरबटा की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में चौथी बार पुनः जिला प्रधान मनोज अटवाल को चुना गया। उनके पूर्व कार्यकाल में कर्मचारियों की आवाज उठाने, अधिकार दिलाने और मान-सम्मान की रक्षा करने के योगदान की सराहना की गई। कार्यकारिणी में जिला वरिष्ठ उप प्रधान सोमपाल पुहाल, जिला सचिव सिकंदर अटवाल, जिला उप सचिव सूरज कुमार, जिला कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह, जिला उप प्रधान जयचंद चांवरिया को नियुक्त किया गया। यूनियन कार्यकारिणी के दो और पदों की अनुमति मिल चुकी है, जो प्रधान के अधीन हैं, जिसमें प्रधान अपनी इच्छा अनुसार दो पदों को सृजित कर सकते हैं।



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

लाइफ Style



# तमन्ना

## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑटिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।

हॉलीवुड मसाला




# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी

**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

टीवी मसाला



# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे

**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं।



तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजेनस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।

# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर



खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

*नई दिल्ली। समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



## खबर संक्षेप



हिसार। प्रकाशोत्सव पर कीर्तन करते हुए रागी जत्था। फोटो : हरिभूमि

### गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी ने मनाया गुरु नानक का प्रकाश उत्सव

**हिसार।** गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी, मौहल्ला डोगरान में धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुघर में पहुंचकर माथा टेका। तीन दिनों तक चले उत्सव का समापन रविवार को दोपहर बाद किया गया। गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी सेवा ट्रस्ट के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ 14 नवम्बर को अखण्ड पाठ साहिब के पाठ से किया गया था। बीती रात्रि को भी कीर्तन किया गया।

### कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई

**हिसार।** कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष रतन कुमार बडगुज्जर ने अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। अनुसूचित विभाग के विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजिंद्रपाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, विधायक दल के नेता भूपेंद्र हुड्डा, सांसद जयप्रकाश, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार बागडी के निर्देशानुसार पार्टी हाईकमान ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। नई कार्यकारिणी में रमेश कुमार लाग्यान अग्रोहा, रणवीर सिंह, अशोक कुमार, बोहत, रामनिवास, इंद्रावती सीसवाला, सतीश कुमार इंदौरा, सुभाष चंद्र गढई, महिपाल को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है।

### सरकार 3 जनवरी को महिला शिक्षक दिवस घोषित करें

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने तेलंगाना सरकार द्वारा स्व. सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस 3 जनवरी को महिला शिक्षक दिवस के रूप में मनाने के फैसले का स्वागत किया है। विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, जिला सचिव विनोद प्रभाकर, वरिष्ठ उप प्रधान सुमन देवी, वित्त सचिव विजेंद्र सिंह, राज्य उप प्रधान अलका, राज्य आडिटर पवन कुमार, उप प्रधान वीरेंद्र सिंह व सह सचिव भूपेन्द्र सिंह ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह निर्णय महिला शिक्षकों के योगदान, उनके संघर्षों और भारतीय शिक्षा में उनकी केंद्रीय भूमिका के औपचारिक सम्मान की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

### कर्म मनुष्य को सुखी और दुखी बनाते : आचार्य

**हिसार।** आर्य समाज लाला लाजपतराय चौक नागोरी गेट का 138वां वार्षिक उत्सव वार्षिकोत्सव संपन्न हो गया। समारोह में हिसार नगर के अलावा हांसी, फतेहाबाद, बालसमंद आर्य नगर आदि स्थान से अनेक नर नारियों ने भाग लिया। आर्य कन्या पाठशाला, दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय, गुरुकुल आर्य नगर, गुरुकुल धीरणवास, डीएवी स्कूल के स्टाफ और ब्रह्मचारी छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

---

**प्रो. बिश्नोई बोले, स्वास्थ्य व अनुशासन के लिए खेल आवश्यक**

# इंटर-कॉलेज महिला व पुरुष टेबल टेनिस में दिया दम

## पुरूष व महिला वर्ग दोनों में यूटीडी ने पहला स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम में हुई इंटर-कॉलेज महिला व पुरुष वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पुरूष व महिला वर्ग दोनों में यूटीडी ने पहला स्थान प्राप्त किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता खेल निदेशालय के अधिष्ठाता प्रो. आशीष अग्रवाल ने की। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि खेल मानव के स्वास्थ्य व अनुशासन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विश्वविद्यालय यूटीडी तथा सम्बद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थियों को हर संभव तथा उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग का हवाला देते हुए बताया कि गुजविप्रौवि राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पहचान मजबूत कर रहा है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि महिला वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय हिसार तृतीय स्थान पर रहे। विजेता टीम में रितिका, मुन्ना देवी, शर्मिला व खुशी शामिल रही। उपविजेता टीम में निशांत जहान, नेहा, आरती व प्रमित शामिल रही। पुरुष वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दयानंद महाविद्यालय हिसार ने द्वितीय तथा सीआरएम जाट महाविद्यालय हिसार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में प्रशांत, निकुंज, मानव, हिमांशु शर्मा व मयंक शामिल रहे। उप विजेता टीम आयूष, ओजस्वी बंसल, कुशाग्रा मित्तल व विजय कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा, ओपी भादू व गंगादत्त यादव सहित अन्य कोच उपस्थित रहे।





हिसार। विजेता महिला टीम के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा विजेता पुरुष टीम के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

---



नारनौंद। मिर्चपुर में खिलाड़ियों से परिचय करते हुए थाना प्रभारी रमेश कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# मिर्चपुर में सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता हुई

■ ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम चला रही हैं। इसी कड़ी में थाना प्रभारी रमेश कुमार तथा पुलिस चौकी मिर्चपुर प्रभारी सुरेश कुमार ने गांव मिर्चपुर में सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने प्रतियोगिता के अवसर पर युवाओं को अपना संदेश देते हुए कहा "युवा ऊर्जा देश की सबसे बड़ी ताकत है। यह ऊर्जा नशे में नहीं, बल्कि खेलों और सकारात्मक कार्यों में लगनी चाहिए। नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी नुकसान पहुँचाता है। साइबर अपराध आज के समय का सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें। जागरूकता ही सुरक्षा है।

साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है। उन्होंने युवाओं से यह भी कहा कि खेल मैदान अनुशासन, मेहनत और टीमवर्क का सबसे सुंदर उदाहरण है, इसलिए खेलों को जीवन का हिस्सा बनाकर समाज में एक सकारात्मक संदेश फैलाएं। कार्यक्रम में मौजूद समिति ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

---

# महारानी लक्ष्मी बाई त्रिलोकचंद स्कूल में मनाया बाल दिवस

■ बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महारानी लक्ष्मी बाई त्रिलोकचंद स्कूल, भिवानी रोहिल्ला में 14 नवंबर को बाल दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस दिन की शुरुआत विद्यालय के प्रांगण में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें समस्त छात्र-छात्राएं और शिक्षकों ने सहभागिता निभाई। बच्चों को बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अध्यापकों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू का स्मरण किया और उन्हें बच्चों के प्रिय 'चाचा नेहरू' संबोधन से याद किया। सभा में प्राचार्या सहित शिक्षकगणों ने बच्चों को उनके अधिकारों तथा जिम्मेदारियों के विषय में प्रेरणादायक बातें बताईं और आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच का संदेश दिया। इसी क्रम में शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा के तनाव से दूर रहकर रचनात्मक गतिविधियों और मानसिक विकास पर फोकस करने की भी सलाह दी। बाल दिवस पर विशेष, नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के सभी छात्रों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। कक्षा 6वीं से ऊपर के छात्रों के लिए विद्यालय भवन में बाल दिवस का उत्सव विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ मनाया गया। खेल प्रतियोगिताओं ने बच्चों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों के साथ शिक्षकों ने फोटो खिंचवाई।



हिसार। महारानी लक्ष्मी बाई त्रिलोकचंद स्कूल में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में बच्चे व अध्यापकगण।

---

# एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने एकल गायन और समूह गायन प्रतियोगिता में जीती स्वरांजली ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में रईस लाल धनीराम अग्रवाल घिराइया की यादगार सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल गायन व समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण चल विजयोपहार ट्रॉफी रही। प्रतियोगिता में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हांसी व हिसार के विभिन्न विद्यालयों के छठी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश खोथ ने मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की ओर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी, भिवानी से डॉ रविन्द्र कुमार व हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, हिसार से डॉ. संध्या शर्मा द्वारा निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई गई। प्रतियोगिता में समूह गायन में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रथम, द्वितीय स्थान पर होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल द्वितीय तथा श्री काली देवी विद्या मंदिर की टीम तृतीय रही।



हांसी। विजेता टीम को ट्राफी देते एसडीएम राजेश खोथ व समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल

**प्रतिभा निखरती है : सिंह**

इस अवसर पर प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। संगीत का आरंभ व्यक्ति के जन्म के रुदन से लेकर मृत्यु के रुदन तक है। प्रकृति के प्रत्येक कण कण में समाया हुआ है, संगीत जीवन का इस अवसर प्रबंधक समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर रजत अग्रवाल, सेक्रेटरी रजत अग्रवाल व केशियर चंद्रभान गर्ग ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समस्त विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए विजेता टीम की प्रशंसा की।

---



हिसार। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप व हरियाणा स्टेट गेम्स में एलीट स्विम एकेडमी की शानदार उपलब्धियां

**हिसार।** हाल ही में अंबाला व बहादुरगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में एलीट स्विम एकेडमी हिसार के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया। इनायत मोर ने वोमेन सेक्शन में 400मीटर आईएम में प्रथम स्थान हासिल किया। दीक्षिका शर्मा ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में एक काँस्य पदक जीतकर हिसार का सम्मान बढ़ाया। वही रूनी मोर ने 200 मीटर फ्री स्टाइल में एक कांस्य पदक हासिल कर अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया। और रक्षिता 50 मीटर बैक स्ट्रोक में एक कांस्य पदक जीतकर अपना अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ साथ मेन सेक्शन में लक्ष्य बिजारनीय और यशाश्वी ने भी एक एक कांस्य पदक जीतकर अपनी उत्कृष्टता और समर्पण का परिचय देते हुए तैराकी समुदाय में अपनी छाप छोड़ी। जिला खेल अधिकारी नरेश सैनी जी ने सभी तैराकों, अभिभावकों और कोच को उनकी अद्वितीय उपलब्धियों पर बधाई दी और उन्हें सफलता की ओर तैरते रहने के लिए प्रेरित किया।

---

# हिसार के तीन साहित्यकार सम्मानित

■ 'तुलसी साहित्य अकादमी' ने भोपाल में दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार की मार्वल सिटी में रहने वाले जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार व यायावर छायाकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान, डॉ. सुमन कादयान तथा बड़वाली ढाणी निवासी वरिष्ठ साहित्यकार जयभगवान सैनी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए भोपाल की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'तुलसी साहित्य अकादमी' ने होटल कृष्ण भोग में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार सम्मान समारोह एवं साहित्यकार सम्मेलन में सम्मानित किया गया। डॉ. ओमप्रकाश कादयान को महाकवि तुलसीदास सम्मान, डॉ. सुमन कादयान को रत्नावली सम्मान तथा जय भगवान सैनी को कविरंजन सेनगुप्ता स्मृति तुलसी सम्मान से नवाजा गया। इन तीनों को यह सम्मान मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सभापति डॉ खेमसिंह डहेरिया, सैम ग्लोबल विवि के कुलगुरू डॉ. नरेश कुमार तिवारी, डॉ. प्रभा मिश्रा आदि ने सम्मान दिया।



हिसार। डॉ. ओमप्रकाश कादयान, डॉ. सुमन कादयान व जयभगवान सैनी को सम्मानित करते आयोजक।

---

# राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियोगिताएं शुरू : डीवाईओ

■ युवाओं को मिलेगा सक्रिय भागीदारी का सुनहरा अवसर

**हिसार।** प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सरदार @150 पदयात्रा और प्री-इवेंट गतिविधियों के तहत युवाओं के लिए माय भारत पोर्टल पर राष्ट्रीय स्तर की निबंध, रील आदि प्रतियोगिताएं ऑनलाइन माध्यम से शुरू की गई हैं। इनमें अनेक युवा भाग लेंगे। माय भारत की जिला युवा अधिकारी सुश्री कोमल ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन, आदर्शों और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। डीवाईओ ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से सरदार @ 150 रील प्रतियोगिता तथा सरदार @ 150 निबंध प्रतियोगिता शामिल हैं, जिनमें युवा ऑनलाइन भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के विजेता युवाओं के प्रमाण पत्र भी ऑनलाइन डाउनलोड होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी https://mybharat.gov.in/pages/unity_march लिंक पर उपलब्ध है। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी शिक्षण संस्थान (स्कूल व कालेज) इस लिंक को विद्यार्थियों के साथ साझा करें, ताकि जिले से अधिकाधिक संख्या में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

---

**उपलब्धि** रियल टाइम भुगतान की धोखाधड़ी में आएगी कमी, आमजन के लिए होगा वरदान साबित

# डॉ. संदीप सिंहमार को यूनाइटेड किंगडम से ई-कॉमर्स और ऑनलाइन भुगतान सुरक्षा उपकरण का मिला पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के कुलाना गांव निवासी प्रोफेसर डॉ. संदीप सिंहमार को यूनाइटेड किंगडम इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी ऑफिस से रजिस्टर्ड पेटेंट डिजाइन ग्रांट मिला है, जो डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में डिज़ाइन-आधारित नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपकरण ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान में बढ़ती धोखाधड़ी को रोकने में सक्षम है। डॉ. संदीप सिंहमार का यह नवाचार ऑनलाइन भुगतान धोखाधड़ी की जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर विकसित किया गया है।

यह उपकरण फ्रॉड ऐप और संदिग्ध वेबसाइटों को वास्तविक समय में पहचान कर धोखाधड़ी से बचाव करता है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन लेनदेन सुरक्षित होता है। रियल टाइम भुगतान धोखाधड़ी के ताजा मामले बताते हैं कि अधिकृत पुश भुगतान (ऐप) धोखाधड़ी, खाता अधिग्रहण (एटीओ), फिशिंग हमले, और सीईओ फ्रॉड जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

**भुगतान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की पहचान होगी**

उदाहरण के लिए, एप्प धोखाधड़ी में स्कैमर्स किसी ग्राहक को धोखा देकर स्वयं को भुगतान का अधिकृत करता है और तुरंत पैसे ट्रांसफर करवा लेता है। इसी तरह, खाता अधिग्रहण में स्कैमर्स/अपराधी किसी व्यक्ति के ऑनलाइन बैंक या ई-कॉमर्स अकाउंट तक अनधिकृत पहुंच बनाकर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करते हैं। ये घटनाएं लाखों लोगों और व्यवसायों को भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। डॉ. संदीप सिंहमार का उपकरण इन जोखिमों को कम करने के लिए मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकों का उपयोग करता है, जो भुगतान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों को तुरंत पहचाने और रोक सके। इससे न केवल उपयोगकर्ता वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि धोखाधड़ी की घटनाओं में तेजी से कमी भी आएगी।

---

### डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल में मनाया बाल दिवस

**हांसी।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या शैलजा द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पण करके की गई। इसके बाद विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने कविता पाठ, भाषण, नृत्य और गीत के माध्यम से चाचा नेहरू के बाल प्रेम और उनके विचारों को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने बच्चों को पंडित नेहरू के जीवन, उनके योगदान और आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी।

---


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग)

❖ श्री रिषी पाल सुपुत्र श्री केदार सिंह 338/25, विशाल नगर, गली नं. 5, सोनीपत ❖ मुकेश कुमार सुपुत्र श्री बनवारी लाल, विकास नगर, गली नं. 4, रेवाड़ी ❖ श्री जतिन सुपुत्र श्री सहीराम, म.नं. 360/30, देव कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राजीव कुमार, सुपुत्र श्री राम, म.नं. 258/18, भीष्मपुरा, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री अमन सुपुत्र कंवल चावला, 1807/13, पाड़ा मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कार्तिक सुपुत्र उमेश कुमार, 1060/11, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री चाहत सुपुत्र नवीन, 630/12, गढ़ी मौहल्ला रोहतक ❖ श्री भूपेंद्र सिंह सुपुत्र रोशन सिंह, 869/ए 23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार पुत्र श्री राजकुमार निवासी 1210/4, हरीपुर, पंचकुला ❖ श्री जितेंद्र सिंह सुपुत्र राकुवार भट्टी, रविदास मंदिर, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति अन्नु सुपुत्री अशोक, गांव व डा. बलियाणा, तह. सांपला, रोहतक ❖ निधि रानी सुपुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद, गांव मुमताजपुर, नाहड़, कोसली, रेवाड़ी ❖ श्री किरण भल्ला पत्नी श्रीमति राज कुमार, म.नं. 410/29, राम गोपाल कॉलोनी, रोहतक ❖ गर्वित सुपुत्र श्री जवाहर सिंह मं नं. 104 A-1, पटेल नगर, सोनीपत ❖ राजेन्द्र प्रसाद सुपुत्र श्री गोकुल सिंह, गांव जोनावास, महेन्द्रगढ़ ❖ कुणाल शर्मा सुपुत्र श्री सुनील शर्मा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ सितम्बर रंगा सुपुत्र श्री अजायब सिंह, गांव सिहोर, कर्नीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री महेश कुमार शर्मा सुपुत्र श्री माहवानंद, म.नं. 783/20, एकता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री जगरूप शर्मा सुपुत्र श्री चंद्रस्वरूप शर्मा, गांव व डा. जसिया, तह. व जिला रोहतक ❖ अनिल कुमार सुपुत्र श्रो राम कुमार जांगडा, गांव पाथेडा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान सुपुत्री श्री दिनेश कुमार, गौतम नगर, गोहाना, सोनीपत ❖ खुशी सुपुत्री श्री प्रमोद, ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भोला कॉलोनी, करनाल ❖ रणबीर सिंह पुत्र श्री रामसरूप सिंह निवासी बैंक कालोनी, बस स्टैंड के सामने, रोहतक रोड़, भिवानी ❖ श्री नीरज सुपुत्र सुरेंद्र सिंह, 780/34, हरी सिंह कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र मंगलीराम, मेन बाजार, नीयर खुराना अस्पताल, कलानौर, रोहतक ❖ श्री ओम सैनी पत्नी श्रीमति संतोष, शेरिवंदर कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ अमित, एससीओ 410 FF, सैक्टर 8, पंचकूला ❖ डॉ. जकविंदर सिंह सुपुत्र चौधरी सूरज सिंह, गांव व डा. बन, तह. लाडवा, करनाल ❖ कृष्ण पुत्र श्री सतबीर, जुलाना, वार्ड नं.7 नियर शिव मंदिर, जीन्द ❖ शिवम सुपुत्र श्री मनोज कुमार, गांव जुलाना, जीन्द ❖ सत्यनारायण गुप्ता सुपुत्र श्री मदनलाल गुप्ता, वार्ड नं. 1, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री पंकज सुपुत्र सत्यपाल, म.नं. 163/13, हनुमान कॉलोनी, गोहाना रोड, रोहतक ❖ परविन्दर कुमार सुपुत्र भूपेंद्र सिंह चावला, 647/23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार सुपुत्र श्री तोताराम, सिलारपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ धनीराम सुपुत्र श्री सोहनलाल, सुलखा, बावल, रेवाड़ी ❖ धर्मसिंह सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव बिठवाना, रेवाड़ी ❖ सुशील सुपुत्र श्री धूप सिंह गांव जुलाना, जीन्द ❖ जतिन कुमार सुपुत्र श्री गणेश कुमार, उत्तम नगर, गली नं. 4, सोनीपत ❖ चन्द्र हास सुपुत्र श्री मातादीन, सलीमपुर, अटेली मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हुक्म चन्द सुपुत्र श्री प्रभाती लाल, गांव सिलाठपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ पूनम देवी पत्नी श्री नारायण गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ बालकराम सुपुत्र श्री ताराचन्द, बुढा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ श्री सतपाल सुपुत्र श्री रामकुमार, खातीवास, झज्जर ❖ रामनिवास पुत्र श्री निहाल सिंह, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ कृतिका सुपुत्री श्री राकेश, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ काव्या सुपुत्री श्री तरूण कुमार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ देवेन्द्र सुपुत्र श्री ताराचन्द, गांव बुढा खेडा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ प्राची बत्तरा सुपुत्री श्री संजय, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कमला देवी पत्नी श्री नरोत्तम दास, गुजरवास, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ सन्दीप सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, वार्ड 8, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़।

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

**खबर संक्षेप**

## मारपीट व धमकी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने एक मारपीट और धमकी के मामले में दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रमन उर्फ रमनिया पुत्र सुरेश उर्फ कालू निवासी भोडियाखेड़ा वा नरेश उर्फ सन्नी पुत्र सुरेश उर्फ कालू निवासी भोडियाखेड़ा के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता सतबीर सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी भोडियाखेड़ा ने शिकायत दी थी कि नामजद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ।मामले की जांच जारी है।

## रसायन विज्ञान विषय परिषद् का गठन

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतिया में रसायन विज्ञान विभाग के द्वारा सत्र 2025-26 के लिए रसायन विज्ञान विषय परिषद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों के द्वारा एक समिति का गठन किया जाता है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व महाविद्यालय के हित के लिए कार्यक्रम आयोजित करवाना होता है।

### जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में छाए खिलाड़ी

# खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन अब राज्य स्तर पर दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला जूडो एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव हंसेवाला में जिला स्तरीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह जानकारी देते हुए जिला जूडो एसोसिएशन के सचिव मनोज गिल ने बताया कि प्रतियोगिता में 60 किलोग्राम भार वर्ग में अमन शर्मा, 66 किलोग्राम भार वर्ग में आर्यन, 73 किलोग्राम भार वर्ग में दलजीत, 81 किलोग्राम भार वर्ग में सतनाम, 90 किलोग्राम भार वर्ग में नवीन, 100 किलोग्राम भार वर्ग में रूपक और प्लस 100 किलोग्राम भार में नरेंद्र ने अपनी जगह बनाई। इसी प्रकार लड़कियों में 48 किलोग्राम भार वर्ग में चंचल, 52 किलोग्राम भार वर्ग में मोनिका, 70 किलोग्राम भार वर्ग में मुस्कान और 78 किलोग्राम भार वर्ग में कंचन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### 23 को करनाल में प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता में अव्वल रहे खिलाड़ी अब 23 नवंबर को करनाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में फतेहाबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर सिंह, शहीद जयपाल गिल के पिता वेदप्रकाश गिल, फतेहाबाद जिला जूडो संघ के सचिव और प्रशिक्षक मनोज गिल, बॉक्सिंग के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी हरपाल धतरवाल, जूडो नर्सरी कोच इंद्रजीत धतरवाल, नर्सरी कोच संदीप इंदौरा, नर्सरी कोच मोनिका रानी, जूडो कोच अभय सिंह वछेर, राम मेहर, जूडो खिलाड़ी गुरदीप मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में 60 किलोग्राम भार वर्ग में अमन शर्मा, 66 किलोग्राम भार वर्ग में आर्यन, 73 किलोग्राम भार वर्ग में दलजीत, 81 किलोग्राम भार वर्ग में सतनाम, 90 किलोग्राम भार वर्ग में नवीन, 100 किलोग्राम भार वर्ग में रूपक और प्लस 100 किलोग्राम भार में नरेंद्र ने अपनी जगह बनाई।



**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी।



**भूना।** विजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### काना खेड़ा ने जीती निरोल क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी, अमित बने बेस्ट खिलाड़ी

**भूना।** गांव लहरियां में निरोल क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के बीच संपन्न हुआ। काना खेड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी के साथ 31 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। डांगरा की टीम ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए 17 हजार रुपये और ट्रॉफी का द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं समापन सनशाइन स्कूल के चेयरमैन राजेश नेहरा और लहरिया के सरपंच प्रतिनिधि जगदीश नेहरा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर टिब्बी गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुशील बिश्नोई और लहरिया के पूर्व सरपंच सरदार सुखपाल चौहान विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने खिलाडियों का उत्साह बढ़ाया और ग्रामीण स्तर पर आयोजित ऐसी खेल प्रतियोगिताओं को प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच बताया। क्लब के अशोक लहरिया और मैंडी फौजी ने बताया कि प्रतियोगिता में काना खेड़ा के खिलाड़ी अमित को ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें वॉशिंग मशीन देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा डांगरा के सुनील संधा को 'बेस्ट बैट्समैन' और काना खेड़ा के कृष्ण कुमार को 'बेस्ट बॉलर' चुना गया। दोनों खिलाडियों को जूसर-मिक्सर-ग्राइंडर भेंटकर सम्मानित किया गया। खिलाडियों को संबोधित करते हुए सरपंच प्रतिनिधि जगदीश नेहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस तरह के टूर्नामेंट युवाओं को सही दिशा देने का काम करते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाडियों को अनुशासन, खेल भावना और मेहनत को सफलता का मूल मंत्र बताया। इस अवसर पर रामकिशन नेहरा उर्फ छोटू, स.उप निरीक्षक रमेश सराधना, सरदार नरेंद्र चौहान, वरुण नेहरा, जगदीश खेदड़, सरदार प्रगट सिंह, मुकेश नेहरा, जोगिंदर उर्फ मीतू, सतीश गिल, आरके लहरी, काशीराम गुजर, बलदेव सिंह, विजेंद्र सिंह, राकेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, गगन दीप, बलजीत सिंह, राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## शूटिंग चैंपियनशिप में मनीष ने जीता सिल्वर



**सिरसा।** अहमदाबाद में आयोजित ऑल इंडिया जी.वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में ईगल आई शूटिंग रेंज के होनहार शूटर मनीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर व कांस्य पदक जीतकर अकादमी व जिले का नाम रोशन किया है।कोच गुरविंद्र सिंह और जगमिंद्र सिंह ने होनहार शूटर मनीष को बधाई के साथ-साथ भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि इस प्रतियोगिता में कई राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिरसा से ईगल आई शूटिंग रेंज से मनीष ने 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिभागिता की और अपने सटीक निशाने से रजत व कांस्य पदक पर कब्जा किया। उन्होंने बताया कि मनीष पिछले कुछ समय से एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहा है और उसकी शूटिंग के प्रति काफी रूचि है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी अनेक प्रतियोगितओं में मनीष ने सराहनीय प्रदर्शन किया है।

## पुलिस कर्मचारियों ने थानों को किया चकाचक

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में रविवार को थानों और चौकियों में सफाई, रंगाई-पुताई, पौधारोपण और सौंदर्यीकरण की गतिविधियां आयोजित की गई। पुलिस कर्मचारियों ने हाथों में झाडू लेकर थानों व पुलिस चौकियों को चकाचक किया। यह केवल भौतिक सफाई का कार्य नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करने का ठोस कदम भी बन चुका है। जहां पहले नागरिक थाने जाते समय झिझक महसूस करते थे, आज वही परिसर साफ-सुथरे हैं। स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय और बैठने की सुविधाएँ नागरिकों को सम्मान और सुरक्षा का अहसास दिलाती हैं। थाने अब सेवा, भरोसा और नागरिक सहयोग का प्रतीक बन चुके हैं।



थानों में सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।



**सिरसा।** डेरा जगमालवाली के संत वीरेंद्र सिंह महाराज डेरा बाबा अलखिया में।

## श्रीमद्भागवत का रसपान जीवन में उतारें: संत वीरेंद्र सिंह

**सिरसा।** डेरा बाबा अलखिया, प्रतापगढ़, नजदीक भादरा पार्क, सिरसा में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा में डेरा जगमालवाली के संत वीरेंद्र सिंह महाराज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संत वीरेंद्र सिंह ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा के ज्ञान की महिमा से अवगत कराया। उन्होंने ईश्वर की लीला, ईश्वर प्रेम, माता-पिता की सेवा आदि का मर्म भागवत कथा के माध्यम से बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के रसपान को अपने जीवन में उतारना चाहिए, तभी इसकी सार्थकता होगी। उन्होंने बताया कि नित्य भगवान नाम का स्मरण करना चाहिए, क्योंकि कलयुग में भगवान नाम का स्मरण ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। संत वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरसाईनाथ नगरी संतों की नगरी है।



फोटो विवरण :16सिरसा14 : मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

### शिविर में 250 से अधिक मरीजों की हुई जांच

**रानियां।** श्री दुर्गा संकीर्तन मंदिर कमेटी, रानियां व हरियाणा प्रदेश युवा व्यापार मंडल इकाई रानियां की ओर से मंदिर परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। रानियां युवा व्यापार मंडल के प्रधान सोनू ग्रोवर ने बताया कि इस शिविर में डॉ. आरूषी डूमरा की टीम ने 250 मरीजों की जांच की और दवाएं भी वितरित की। इस मौके पर डॉ. आरूषी डूमरा ने कहा कि आंखें मनुष्य का सबसे संवेदनशील अंग है। आंखों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि आंखों की समय-समय पर देखभाल जरूरी है, ताकि आंखों संबंधी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। शिविर का शुभारंभ प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव व जिला प्रधान हीरालाल शर्मा ने किया। उनके साथ रानियां नगर पालिका के चेयरमैन मनोज सचदेवा, मुरारी लाल बसंल जीडी गोयंका स्कूल सिरसा, श्री दुर्गा संकीर्तन मंदिर कमेटी के प्रधान इंद्रजीत सबरवाल व ललित पोपली भी मौजूद थे। इस मौके पर हीरालाल शर्मा ने कहा कि मंदिर कमेटी व युवा व्यापार मंडल इकाई का प्रयास सराहनीय है।

## मारपीट के आरोपी पति व सास गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने दहेज प्रताडऩा व मारपीट के मामले में आरोपी पति और सास को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विश्वजीत पुत्र स्वर्ण जाखड़ तथा सुमित्रा देवी पत्नी दिवंगत स्वर्ण जाखड़ निवासी महाराणा चौक, हिसार रोड, सिरसा, वर्तमान निवासी शिवालिक सोसायटी, मानेसर सेक्टर-1, गुरुग्राम के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति और परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा दहेज को लेकर उसके साथ लगातार घरेलू हिंसा और मारपीट की जा रही है। शिकायत पर रतिया पुलिस ने दहेज प्रताडऩा के आरोप में मामला दर्ज किया था। कार्रवाई करते हुए आरोपियों पति व सास को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुलिस स्टेशन में लोहे का शेड बनाने के लिए 11 लाख किए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

आमजन और आने वाले शिकायतकर्ताओं को मौसम की मार से राहत देने के उद्देश्य से पुलिस स्टेशन भूना में लोहे का शेड निर्माण कार्य शुरू किया। रविवार को नगर पालिका के चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा और वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी ने संयुक्त रूप से पानी का नारियल तोडक़र निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई और मार्केट कमेटी के अध्यक्ष राजबीर नहला विशेष रूप से मौजूद रहे। चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा ने बताया कि पुलिस स्टेशन में प्रतिदिन आने वाले लोगों को धूप, बारिश और सर्दी में खड़े होने में काफी परेशानी होती थी। तत्कालीन एसएचओ एवं वर्तमान में डीएसपी भिवानी अनूप सिंह माचरा और समाजसेवी दलबीर सिंह ने कई नगर पालिका हाउस में शेड निर्माण और इंटरलॉक सडक़ पक्का करने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव को हाउस की बैठक में तत्काल मंजूरी दी गई। बताया कि पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 24 लाख रुपये का टेंडर लगाया गया है, जिसमें से 11 लाख रुपये लोहे का शेड बनाने पर खर्च होंगे।



**भूना।** पुलिस स्टेशन परिसर में शेड बनाने के कार्य का शुभारंभ करते चेयर पर्सन प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*



**सिरसा।** बसपा की बैठक में पहुंचे जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए।

## बसपा ने संगठन की मजबूती पर मंथन किया

**सिरसा।** बहुजन समाज पार्टी हरियाणा की रविवार को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई जिसने पूरे हरियाणा में बसपा के संगठन की मजबूती पर मंथन किया। बैठक में हरियाणा प्रदेश के 4 जोनों के जिम्मेदार पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, सेक्टर कमेटियों के प्रभारी, बूथ कमेटियों के प्रतिनिधि तथा काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला प्रधान रामधन चौटाला ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य कुमारी मायावती द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों को पूरी गंभीरता से समझना, अपनाना और हर स्तर पर अमल की ठोस योजना बनाना था। बैठक में मुख्यातिथि रणधीर सिंह बेनीवाल (केंद्रीय कॉर्डिनेटर, बसपा) रहे।

# शहीदी वर्षगांठ पर शहीदी यात्रा का सिरसा में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा का रविवार को सिरसा शहर में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस नगर कीर्तन में काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

नगर कीर्तन गुरूद्वारा चिल्ला साहिब से शुरू हुआ और गुरुद्वारा श्री दशम पातशाही तक पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला गया। इस दौरान भारी संख्या में संगत ने गुरु साहिब के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। जगह-जगह पर संगत ने गुरु साहिब की पालकी के समक्ष माथा टेका और सुख समृद्धि की कामना की गई। नगर कीर्तन में गतका पार्टी ने अपने शौर्य और कौशल का अनूठा प्रदर्शन किया। जगह-जगह संगठनों द्वारा जल, लंगर, चाय की सेवाएं करवाई गईं।



**सिरसा।** शहीदी यात्रा में पालकी साहिब की अगुवाई करते हुए पंज प्यारे तथा यात्रा का स्वागत करते हुए शहरवासी। *फोटो : हरिभूमि*



**सिरसा।** विद्यालय में पहुंचे पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए।

### स्कूल में तीसरा छात्र मिलन समारोह आयोजित

**कालांवाली।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली में रविवार को तीसरा पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बैच 1970 से 1980 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मीट में करीब 70 छात्र इस शिक्षक-शिक्षार्थी मिलन समारोह में दूर-दराज से विद्यालय में पहुंचे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कुसुम गर्ग और पुष्पेंद्र जैन ने कडी मेहनत करके अपने बैच के छात्रों का एक ग्रुप बनाकर जानकारी जुटाकर इस समारोह को निर्धारित किया। इन छात्रों ने अपने गुरुजनों को भी सम्मानित किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रवीण जैन व रवि सागर ने किया। पूर्व छात्रों का स्कूल में पहुंचने पर ढोल नगाडों के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉक्टर श्याम लाल सिंगला, बापू बलकोर सिंह, हिम्मत सिंह जेई अध्यापक रहे मदन लाल, बृज लाल, अजमेर सिंह किंगरा पहुंचे।

## वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का फैसला

**रतिया।** सर्व समाज सभा की बैठक सभा के अध्यक्ष सतपाल जिंदल की अध्यक्षता में शिरोमणि संत बाबा नामदेव धर्मशाला में हुई। प्रेस सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि बैठक के आरंभ में सभा के महासचिव डॉ. नैब सिंह मंडेर ने कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में सहसचिव रणधीर सिंह मौलिया ने एनडीसी देने में हो रही धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सभा द्वारा लगाई गई सीएम विंडो के संबंध में एसडीएम, डीएमसी को कार्यवाही करने हेतू मांग की गई। सभी ने सर्वसम्मति से पुलिस प्रशासन से मांग की ओवरलोडिंग वाहनों पर रोक लगाई जाए। बैठक में यह भी पारित किया गया कि वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाएं जाएं।



**सिरसा।** स्वर्ण पदक विजेता को सम्मानित करते हुए।

## ट्रस्ट ने दित्या अरोड़ा को किया सम्मानित

**रानियां।** डॉ. अंकित अरोड़ा की पुत्री दित्या अरोड़ा ने 8 से 11 नवंबर 2025 को फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्वर्ण पदक पर कब्जा करते हुए सेंट जेवियर्स स्कूल, सिरसा का नाम गौरवान्वित किया है। गांव संतनगर स्थित श्री गुरदेव चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से छात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रानियां थाना प्रभारी गुरनिमंदर सिंह, श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान हरपिंदर सिंह कूका, जतिंदर ढिल्लों, दविंदर काहलों, एसडीओ कर्ण कंबोज, दर्शन काहलों, हरप्रीत कोच, मेहर चंद कोचने दित्या अरोड़ा को गोल्ड व कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी।

## नगर कीर्तन यात्रा आज पहुंचेगी फतेहाबाद

**फतेहाबाद।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी नगर कीर्तन यात्रा आज सोमवार शाम 4 बजे सिरसा से फतेहाबाद पहुंचेगी। नगर कीर्तन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर एसडीएम राजकेश कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को नगर कीर्तन यात्रा सिरसा जिले से फतेहाबाद के गांव दरियापुर पहुंचेगी, जहां यात्रा का स्वागत होगा। इसेक बाद करनौली मोड सिरसा बाइपास रोड से मोरी राम न्यू पैट्रोल पंप, न्यू अनाज मंडी, एमएम कॉलेज, नामधारी गुरुद्वारा बीघड़ रोड से होते हुए गुरुद्वारा जगजीवनपुरा में पहुंचेगी। 18 नवंबर को डीएसपी रोड से रविदास चौक, जवाहर चौक, चौक, गुरुद्वारा गुरुनानक पुरा पहुंचेगी।




**फतेहाबाद।** शपथ ग्रहण करते सर्व कर्मचारी संघ की नई जिला कार्यकारिणी।

### सुरजीत दुसाद सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बने

**फतेहाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का 11वां जिला स्तरीय त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन रविवार को पटवार भवन, फतेहाबाद में जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलावाली की अध्यक्षता में शुरू हुआ। सम्मेलन का संचालन सचिव सुरजीत दुसाद ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट ने किया वहीं मुख्य वक्ता के तौश्र पर पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद बाटू मौजूद रहे। जिला सचिव सुरजीत दुसाद ने त्रिवार्षिक रिपोर्ट पेश की। सचिव ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की 19 बैठकें औपचारिक व अनौपचारिक रूप से 9 बैठकें जिला व राज्य स्तरीय आन्दोलनों अनुसार होती रही। इसके अलावा दो बार कर्मचारी व जनता हित के मुद्दों को लेकर असैम्बलियां भी हुई। इसके बाद वित्त सचिव कृष्ण कुमार जाखड़ ने तीनों सालों की आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। दोनों रिपोर्ट बहस हुई। बहस में सभी विभागों से आए डेलिगेटस ने भाग लिया और सचिव व कोषाध्यक्ष रिपोर्ट को सर्व सम्मति से पास किया।

### श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या का आयोजन

# भक्ति से सरोबार श्याम के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि जागरण से पूर्व पूजा अर्चना की गई। मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन जनक राज शेरपुरा ने सपत्नी पूजा अर्चना में भाग लिया। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री, हितेश शर्मा व धनजंय शुक्ला ने पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना संपन्न करवाई। इसके बाद बाबा श्याम की पावन ज्योत प्रज्जवलित की गई और आरती की गई। सदैव की भांति राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का, श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, सांवरे जब तू मेरे साथ है फिर डरने की क्या बात है, क्यूं घबराउं मैं मेरा तो श्याम से नाता है सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए।

बाद में भजन गायक विक्रम विक्की ने भजन- बात तुम्हारी है विश्वास तुम्हारा है, मैं के बोलू श्याम धणी तणै सब बातां का बैरा सै, हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है, साथ हमारे कोन चलेगा तुम ना सुनोगे तो कोण सुनेगा, सांसों का बना के हार तुझे चढ़ा दूं, कारोबार म्हारो बाला जी चलावै बलैंस सीट म्हारी बालाजी बनाव सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद भजन गायक जेपी स्वामी ने भजन- सारे जग में डंका बाजे साचो थारो नाम, श्याम बाबा गो श्रृंगार मणै भावै, छोड़ेगे ना हम तेरा साथ ओ बाबा मरते दम तक, कब आएगा मेरा सांवरिया, किस्तम वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार, मुझे अपने रंग में रं दे ओ मेरे यार सांवरे, कुछ तो है सरकार तेरी सरकारी में सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

जिन पर श्याम भक्त रात भर झूमते रहे। भजन संध्या के समापन पर बाबा श्याम की आरती की गई और बाबा को भेग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।





**सिरसा।** भव्य रुप से सजा बाबा श्याम का दरबार तथा भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक। *फोटो : हरिभूमि*